नेताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पढ़ाया पाठ

संगठन सृजन अभियान का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के प्रारंभ में संविधान की रक्षा, संगठन सशक्तिकरण और भाजपा सरकार की विफलताओं पर नेताओं ने रखे विचार

नवभारत न्यूज

सीधी 27 मई। जिला कांग्रेस कमेटी सीधी एवं सिंगरौली की संयुक्त तत्वाधान में संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में नेताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पाठ पढ़ाया। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के प्रारंभ में संविधान की रक्षा, संगठन सशक्तिकरण और भाजपा सरकार की विफलताओं पर नेताओं ने विचार रखा।

जिला कांग्रेस कमेटी सीधी एवं सिंगरौली के संयुक्त तत्वावधान में संगठन सृजन अभियान अंतर्गत कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कुबरी स्थित प्रेमशीला मैरिज गार्डन में प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, संविधान की रक्षा, कांग्रेस की विचारधारा एवं वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिनमें वरिष्ठ नेताओं ने प्रशिक्षार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रथम दिवस के पहले सत्र में प्रशिक्षणार्थियों के पंजीयन उपरांत वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ म.प्र. कांग्रेस के संगठन प्रभारी महासचिव डॉ.संजय कमले द्वारा किया गया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा सहित अन्य महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरुआत हुई। कांग्रेस के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में म.प्र. कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव सर्वसमावेशी विचारधारा पर चलने वाली पार्टी रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और हमारे नेता राहुल गांधी लंबे समय से इसकी मांग करते रहे हैं आखिरकार सरकार को उनकी मांग के आगे झुकना पड़ा, जातिगत जनगणना से समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिल सकेगा। उन्होंने सर्वधर्म समभाव, सामाजिक समरसता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संदेश नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान को कांग्रेस की मूल भावना बताया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत हैं।

प्रथम दिवस के अंतिम सत्र में सामूहिक चर्चा के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों ने आपस में संवाद किया। इस दौरान सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बनाम कांग्रेस की सर्वधर्म समभाव की राजनीति विषय पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच जाकर सकारात्मक संवाद स्थापित करने और समाज में सौहार्द बनाए रखने के लिए सक्रिय भूमिका पर बल दिया। प्रशिक्षणार्थियों ने अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत करने के सुझाव दिए। प्रथम दिवस के समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण शिविर में सीधी एवं सिंगरौली जिले के समस्त जिला प्रभारी विधानसभा प्रभारी जिला एवं ग्रामीण अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष मंडलम अध्यक्ष उपस्थित रहें।

जन अधिकारों की रक्षा के लिए तेज करें संघर्ष : अजय

म.प्र. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने आजादी के बाद भारत निर्माण में कांग्रेस सरकारों के ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को विकास, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के रास्ते पर आगे बढ़ाने का काम किया है। श्री राहुल ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा एवं कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया, जबकि वर्तमान समय में केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकारों की नीतियों से आमजन परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और सामाजिक विभाजन जैसी परिस्थितियों ने जनता को निराश किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संघर्ष की भावना के साथ जनता के बीच जाएं और संविधान, लोकतंत्र एवं जन अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूती से आवाज उठाएं।

डॉ.कमले ने बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर दिया जोर

म.प्र. कांग्रेस के संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ.संजय कमले ने संगठनात्मक सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, पंचायत कांग्रेस की भूमिका, जिम्मेदारियों एवं कार्यपद्धति पर प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वास्तविक ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है और यदि प्रत्येक बूथ मजबूत होगा तो संगठन स्वत: मजबूत होगा। उन्होंने पंचायत कांग्रेस इकाइयों को सक्रिय करते हुए जनसंपर्क अभियान को तेज करने की आवश्यकता बताई।

कुसमी में बीच चौराहे का हैण्डपम्प साल भर से खराब

व्यापारी व राहगीर हो रहे परेशान, पीएचई विभाग मूकदर्शक

नवभारत न्यूज

कुसमी 27 मई। जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर कुसमी भगवार चौराहे का हैण्डपम्प पिछले साल भर से खराब पड़ा हुआ है। भीषण गर्मी के बीच यह हैण्डपम्प व्यापारियों, ग्रामीणों एवं राहगीरों के लिए पेयजल संकट का कारण बन गया है।

ज्ञात हो कि यह हैण्डपम्प बीच चौराहे कुसमी पर स्थित है जहां नियमित रूप से बाजार लगती है और आधा सैकड़ा दुकानदार सुबह से शाम तक अपनी दुकानदारी लगाते हैं। ब्लॉक मुख्यालय होने के चलते यहां हर दिन हजारों की संख्या मे लोग आते-जाते रहते हैं। इसके खराब होने से स्थानीय लोगों एवं राहगीरों को पीने के पानी के लिए भारी दिक्कतों एवं मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में हम लोगों ने कई बार पीएचई विभाग को अवगत भी कराये मरम्मत कराने के लिए आवेदन निवेदन भी किये इसके बावजूद भी आज साल भर से ज्यादा का समय बीत गया। पीएचई विभाग के जिम्मेवारो द्वारा हैण्डपम्प का मरम्मत नही किया गया है जिससे भीषण गर्मी मे पानी की समस्या बनी हुई है।

इनका कहना है

यह हैण्डपम्प 1 साल से बंद पड़ा हुआ है, मिस्त्री आते हैं देखकर चले जाते हैं। बोलते हैं बना देंगे लेकिन दुबारा फिर बनाने नही आते दुकानदार, ग्रामीण जन व मुसाफिर सब परेशान हैं। कोई सुनने वाला नही है।

मुकेश गुप्ता, होटल व्यवसाई

एक साल से यह हैण्डपम्प बंद पड़ा हुआ है, जिससे पानी की असुविधा होती है। हम लोग बहुत परेशान होते हैं। पीएचई विभाग वालों को शिकायत किये लेकिन वो आते हैं और देखकर चले जाते हैं।

अजय गुप्ता, व्यवसाई

साल भर से यह हैण्डपम्प खराब पड़ा हुआ हैं। हैण्डपम्प तो शो पीस के लिए खड़ा है लेकिन पानी की जगह हवा उगल रहा है। भीषण गर्मी मे लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है।

अंतर सिंह, ग्रामीण

प्रधानमंत्री के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन

सीधी। जिले में पिछले 5 वर्षों से लगातार छात्र-छात्राओं के द्वारा विश्वविद्यालय स्थापना हेतु प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में 29 मई शुक्रवार को शाम 4:30 बजे प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर सीधी को ज्ञापन सौंपेंगे। छात्र इन्द्रलाल ने छात्रों से सम्मिलित होने की अपील की है। छात्र ज्ञापन सौंपने से पूर्व कॉफी हाउस सीधी के पास एकत्रित होंगे।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली 31 को

सीधी। समाज, युवाओं और बच्चों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई को जिला मुख्यालय सीधी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला सीधी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तंबाकू एवं उससे बने उत्पादों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, टीबी, हृदय रोग आदि के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा लोगों को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।

नगर पालिका सीधी में पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

नवभारत न्यूज

सीधी 27 मई। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मुख्य सचिव के निर्देशों के पालन में नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

मुख्य सचिव द्वारा 24 मई 2026 को आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग में शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की सतत निगरानी एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी के अनुपालन में नगर पालिका परिषद सीधी के नवीन कार्यालय भवन के कक्ष क्रमांक-11 में कंट्रोल रूम प्रारंभ किया गया है। कंट्रोल रूम के लिए शीलध्वज सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 9589181756 है। इनके सहयोग के लिए सुरेश प्रसाद पाण्डेय 8085695252, सौरभ शुक्ला 9977887004 एवं हर्षित तिवारी 8319836406 को तैनात किया गया है। कंट्रोल रूम में पदस्थ कर्मचारी प्रतिदिन उपस्थित रहकर पेयजल से संबंधित शिकायतों का पंजीयन करेंगे।

नागरिक दूषित पेयजल आपूर्ति, पाइपलाइन से जल आपूर्ति बाधित होना, पाइपलाइन लीकेज, हैंडपंप खराब होना जैसी समस्याओं की जानकारी कंट्रोल रूम में दे सकेंगे। प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारियों तक तत्काल पहुंचाकर 24 घंटे के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि पेयजल संबंधी किसी भी समस्या की स्थिति में कंट्रोल रूम से संपर्क कर सुविधा का लाभ उठाएं।

अपाक्स जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित, दिया गया तहसीलों का प्रभार

नवभारत न्यूज

सीधी 27 मई। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोटहा के प्रांगण में अपाक्स की जिला कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश महासचिव राकेश कुमार जयसवाल रहे एवं बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्रीराम सोनी द्वारा की गई।

बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने हेतु सदस्यता अभियान तहसील एवं ब्लॉक इकाई में 15 जून तक पूर्ण करने का समय सुनिश्चित किया गया तथा सभी तहसीलों के प्रभारी नियुक्त किए गए। रामपुर नैकिन तहसील का प्रभार श्रीराम सोनी जिला अध्यक्ष को दिया गया। चुरहट तहसील का प्रभार सूरज प्रसाद विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष, गोपद बनास तहसील का प्रभार शिवमूरत साहू जिला कोषाध्यक्ष, बहरी तहसील का प्रभार मुन्नालाल साहू को एवं सिहावल तहसील का प्रभार बाल गोविंद पटेल को दिया गया। इसी प्रकार कुसमी तहसील का प्रभार ओमप्रकाश साहू, मड़वास तहसील का प्रभार जय भारत साहू को तथा मझौली तहसील का प्रभार ओमप्रकाश पांडेवा को दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, राम सुशील यादव व पंकज सिंह पटेल, संगठन सचिव देवेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर नैकिन प्रसून कुमार पटेल, मझौली रामशरण यादव, सीधी हीरालाल साहू, मझौली सूरज कुमार पनिका, रामपुर नैकिन जगदीश प्रसाद साकेत, तहसील अध्यक्ष मड़वास मो.रज्जाक खान, बहरी पुरुषोत्तम जायसवाल, चुरहट अमोल कुमार पटेल, बहरी तहसील कोषाध्यक्ष बुद्धिमान प्रसाद साहू, मड़वास गंभीर सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा आदि संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाने की मांग, शिक्षा मंत्री को ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सीधी 27 मई। म.प्र. शिक्षक संघ सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रांताध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से भेंट कर प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रांताध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि वर्तमान समय में पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप जारी है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाया जाना आवश्यक है। शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बात को गंभीरतापूर्वक सुना और तुरंत ही नोट शीट बनवाकर विभाग को भिजवा दी गई है। विभाग से शीघ्र ही आदेश होने की संभावना है। शिक्षा मंत्री के सकारात्मक और तुरंत नोट शीट बनवाने पर प्रांताध्यक्ष डॉ.राठौर ने उनका आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कटे-फटे होंठ एवं तालु से पीड़ित बच्चों के लिए स्क्रीनिंग शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 27 मई। जिला चिकित्सालय सीधी स्थित डीईआईसी भवन में आज कटे-फटे होंठ एवं तालु से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दुबे सर्जिकल हॉस्पिटल जबलपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

यह शिविर सीएमएचओ के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर का निरीक्षण अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत धनंजय मिश्रा ने किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में कुल 10 बच्चों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 6 बच्चों को सर्जरी के लिए उपयुक्त पाया गया। इन बच्चों को विशेष वाहन के माध्यम से उपचार एवं सर्जरी हेतु जबलपुर रेफर किया गया। शिविर में डॉ.स्वाति सिंह डेंटल सर्जन, पुष्पेन्द्र शुक्ला डीईआईसी प्रबंधक, सावित्री मिश्रा नर्सिंग ऑफिसर सहित समस्त स्टाफ ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर डीईआईसी भवन में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस तथा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के तहत तंबाकू निषेध संबंधी गतिविधियां संचालित की गईं तथा छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त सीईओ विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके सानिध्य में पूरे कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कॉलेज की छात्राओं ने सहभागिता कर माहवारी स्वच्छता एवं तंबाकू निषेध के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रसारित किया। इस अवसर पर आरकेएसके के परामर्शदाता, मास्टर ट्रेनर्स, पीआरसी स्टाफ, सामाजिक न्याय विभाग के कर्मचारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मॉडल स्कूल में विशेष शिक्षण समर कैंप का शुभारंभ, जुड़ रहे छात्र-छात्राएं

नवभारत न्यूज

सीधी 27 मई। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं जीवन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली में पांच दिवसीय विशेष शिक्षण समर कैंप का शुभारंभ 27 मई से किया गया। यह शिविर 31 मई तक संचालित होगा।

ग्रीष्मावकाश के दौरान आयोजित इस समर कैंप में छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर का शुभारंभ बीईओ शैलेंद्र सिंह, बीआरसी अयोध्या प्रसाद पटेल, सीएम राइज प्राचार्य किशन लाल विश्वकर्मा, मॉडल प्राचार्य श्रीमती इंदिरा कचेर, बीएसी कमलाकर सिंह, जन शिक्षक पदमधर द्विवेदी एवं संतोष कुमार वर्मा सहित शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। समर कैंप में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जोड़ते हुए योग, प्राणायाम, खेल गतिविधियां, रचनात्मक गतिविधियां और व्यक्तित्व विकास से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास, आत्मसम्मान, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। इसके अंतर्गत ड्राइंग-पेंटिंग, लोकगीत, कविता वाचन, एक्सपोजर विजिट, स्वतंत्र लेखन, स्वतंत्र वाचन और विभिन्न खेल गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर के प्रथम दिन स्वास्थ्य जीवनचर्या, योग एवं शारीरिक शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षित योग शिक्षक ज्ञानेंद्र तिवारी ने छात्र-छात्राओं को योग एवं व्यायाम का प्रशिक्षण दिया।

सीधी पुलिस का महाअभियान : समस्याओं का मौके पर निराकरण और अपराधों के विरुद्ध जनजागरुकता

थाना कुसमी के ग्राम जूरी में पहुंचे पुलिस अधीक्षक, ग्रामीणों से सीधा संवाद कर सुनीं जन-समस्याएं

नवभारत न्यूज

सीधी 27 मई। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन, उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र हेमंत चौहान के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के नेतृत्व में जिला सीधी के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में बीते दिवस 26 मई को जन चौपाल-आपकी पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम का भव्य एवं प्रभावी आयोजन किया गया।

इस महाअभियान के अंतर्गत जिला पुलिस कप्तान स्वयं जमीनी स्तर पर जनता के बीच पहुंचे, जिससे पुलिस-जन संवाद को एक नई और मजबूत दिशा मिली। अभियान के तहत विशेष रूप से थाना कुसमी अंतर्गत ग्राम जूरी में आयोजित जन चौपाल में स्वयं पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणजनों के बीच बैठकर उनसे सीधा एवं आत्मीय संवाद स्थापित किया। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को विभिन्न अपराधों, साइबर फ्रॉड और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया तथा उनकी समस्याओं एवं पुलिस से संबंधित शिकायतों को बेहद संजीदगी से सुना। इस महत्वपूर्ण अवसर पर थाना प्रभारी कुसमी निरीक्षक अरुण द्विवेदी सहित थाना स्टाफ और भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इसके अलावा थाना रामपुर नैकिन के ग्राम घटोखर में थाना प्रभारी के नेतृत्व में ग्राम घटोखर में विशाल जन चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं को सुना और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक सुझाव साझा किए। थाना चुरहट के ग्राम दुअरा में थाना प्रभारी दीपक सिंह बघेल एवं महिला उपनिरीक्षक आशा सिलावट द्वारा आयोजित इस चौपाल में ग्रामीणों को डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड के प्रति आगाह किया गया।

थाना कमर्जी के ग्राम कारीमाटी में अवैध कोरेक्स व गांजे के लिए संवेदनशील माने जाने वाले इस क्षेत्र के खुले परिसर में शाम 4 बजे चौपाल सजी। जहां थाना प्रभारी उपनिरीक्षक इन्द्राज सिंह व टीम की मौजूदगी में सरपंच, सचिव व 105 ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। थाना कोतवाली के ग्राम भमरहा में कोतवाली पुलिस द्वारा आपकी पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चौपाल लगाई गई। इसी प्रकार थाना अमिलिया, थाना बहरी, चौकी बम्हनी थाना सेमरिया, थाना जमोड़ी, थाना मझौली, महिला एवं यातायात थाना, चौकी खड्डी, थाना भुईमाड़ तथा चौकी सिहावल में चौपाल का आयोजन किया गया।

अभियान की प्रमुख प्राथमिकताएं एवं संकल्प

अवैध नशे के विरुद्ध- पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन के संदेश को दोहराते हुए सभी थानों में कोरेक्स, गांजा और अन्य मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई और सामाजिक बहिष्कार की अपील की गई। महिला एवं बाल सुरक्षा- समाज में महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार, सुरक्षित वातावरण और बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। पारदर्शी व आधुनिक पुलिसिंग- चौपालों का मुख्य उद्देश्य पुलिस की कार्यप्रणाली में आधुनिकता लाना, जनता और पुलिस के बीच के संकोच को मिटाना तथा आपसी आत्मविश्वास को बढ़ाना है।